# त्रैमासिक परीक्षा 2024-25

समय – 3 घंटा | विषय – हिंदी 12वीं | पूर्णांक – 80

निर्देश –

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 23 प्रश्न है सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक आंतरिक विकल्प दिए गए हैं इस प्रकार के प्रश्नों के केवल एक ही उत्तर दें।
3. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। (शब्द सीमा 30 शब्द)
5. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। (शब्द सीमा 75 शब्द)
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। (शब्द सीमा 150 शब्द)

प्रश्न – 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1. कवि भार लिए फिरता है –
   क) सुख - दुख का ख) निज उर का
   ग) जग जीवन का घ) संपूर्ण संसार का
2. मनोवैज्ञानिक कहानीकार हैं –
   क) रामचंद्र शुक्ल ख) जैनेंद्र कुमार ✓ ग) जयशंकर प्रसाद घ) मुंशी प्रेमचंद
3. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के नायक का नाम था –
   क) गजाधर बाबू ख) विद्याधर बाबू ग) कलाधर बाबू घ) यशोधर बाबू ✓
4. भारत में पहला छापाखाना खुला था –
   क) गोवा में ✓ ख) महोबा में ग) मुंबई में घ) कोलकाता में
5. 'प्रकृति का मानवीकरण' विशेषता है –
   क) प्रगतिवाद की ख) प्रयोगवाद की ग) छायावाद की ✓ घ) नई कविता की
6. शब्द युग्म के प्रकार होते हैं
   क) 2 ख) 4 ग) 6 ✓ घ) 8

प्रश्न – 2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

1. नीरजा की रचनाकार ....................हैं। (सुभद्रा कुमारी चौहान / महादेवी वर्मा)
2. जूझ कहानी लड़ते - जूझते किसान मजदूरों के ...................... की झांकी हैं। (प्रेम/ संघर्ष)
3. समाचार लेखन में ...................शैली का प्रयोग किया जाता है। (सीधा पिरामिड/उल्टा पिरामिड)
4. उत्तेजना के मूल कारण को........................ कहते हैं। (विभाव / संचारी भाव)
5. जहां उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ बताया जाए वहां ........अलंकार होता है। (व्यतिरेक/विरोधाभास)
6. ................की चूड़ी मर गई। (पेंच की /बात की)
7. किशोरी की टोली 'पानी दे मैया' कहकर......... के आने की सूचना देती थी। (इंदर सेना/वानर सेना)

https://theboardstudy.com

प्रश्न – 3. सही जोड़ियां का मिलान कर लिखिए –

| | |
|---|---|
| 1. कैमरे के सामने | क) आचार्य विश्वनाथ |
| 2. भक्तिन | ख) महावीर प्रसाद |
| 3. क्रय शक्ति | ग) धर्मवीर भारती |
| 4. रक्षात्मक वाक्य कार्यक्रम | घ) परचेजिंग पावर |
| 5. द्विवेदी युग | ङ) अपाहिज |
| 6. गुनाहों का देवता | च) संस्मरणात्मक रेखाचित्र |
| | छ) हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| | ज) आचार्य मम्मट |

प्रश्न – 4. सत्य / असत्य वाक्य का चयन कर लिखिए –

1. बच्चे प्रत्याशा में नीडों से झांक रहे होंगे।
2. कविता एक खिलना है बच्चों के बहाने।
3. जयशंकर प्रसाद छायावादी कवि हैं।
4. मैला आंचल आंचलिक उपन्यास नहीं है।
5. मेंढक मंडली का अगवानी मालाओं से होती थी।
6. महाकाव्य में संपूर्ण जीवन का चित्रण होता है।

प्रश्न – 5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

1. भक्तिन का जन्म कहां हुआ था?
2. अपने प्रदेश के कोई दो लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्रों के नाम लिखिए।
3. मुहावरा 'पेट पूजा करना' का क्या अर्थ है।
4. 'बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी' इसमें कौन सी शब्द शक्ति है?
5. हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग किसे कहा जाता है?
6. 'पतंग' पाठ के लेखक कौन हैं?
7. काव्य के कितने भेद होते हैं?

प्रश्न – 6. भक्ति कालीन काव्य की विशेषताएं बताइए। **अथवा**

नाटक और एकांकी में अंतर लिखिए।

प्रश्न – 7. 'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है? लिखिए। **अथवा**

संसार में कष्टों को सहते हुए भी खुशी और मस्ती का माहौल कैसे निर्मित किया जा सकता है?

प्रश्न – 8. भारतेंदु युग की दो विशेषताएं लिखिए। **अथवा**

द्विवेदी युगीन गद्य की दो विशेषताएं लिखिए।

https://theboardstudy.com

प्रश्न – 9. पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं - बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है? अथवा

'हम समर्थ शक्तिवान' और 'हम एक दुर्बल को लाएंगे' पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या व्यंग्य किया है?

प्रश्न – 10. लेखक के पिता ने आनंद को पाठशाला भेजते समय क्यों व क्या शर्त रखी? अथवा

इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय क्यों बोलती है?

प्रश्न – 11. निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए –

1. वह भाग्यवान महिला है    2. ईश्वर के अनेकों नाम है    अथवा

श्रेष्ठ विज्ञापन के कोई चार गुण लिखिए।

प्रश्न – 12. बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है यह चरित्र की महत्ता का भाव पल्लवन कर लिखिए।

अथवा

जूझ कहानी के किस पात्र ने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया और क्यों?० उसकी कोई एक चारित्रिक विशेषता लिखिए।

प्रश्न – 13. इंटरनेट पत्रकारिता किसे कहते हैं? अथवा

कहानी लेखन के क्या उद्देश्य होते हैं?

प्रश्न – 14. सोरठा छंद की परिभाषा लिखिए। अथवा

कवित्त छंद का उदाहरण लिखिए।

प्रश्न – 15. हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। अथवा

करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न – 16. हरिवंश राय बच्चन अथवा कुंवर नारायण का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए –

1. दो रचनाएं    2. भाव पक्ष और कला पक्ष

प्रश्न – 17. महादेवी वर्मा अथवा जैनेंद्र कुमार का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए –

1. दो रचनाएं    2. भाषा शैली

प्रश्न – 18. ही, भी, तो - शब्द क्या कहलाते हैं? इनका प्रयोग करके एक-एक वाक्य लिखिए।

अथवा

'जीवन में परोपकार का महत्व' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।

प्रश्न – 19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

https://theboardstudy.com

"ज्ञान राशि के संचित कोष का नाम ही साहित्य है। प्रत्येक भाषा का अपना साहित्य होता है। जिस भाषा का अपना साहित्य नहीं होता, वह रूपवती भिखारिणी के समान कदापि आदरणीय नहीं हो सकती। भाषा की शोभा उसकी श्री संपन्नता उसके साहित्य पर ही निर्भर करती है। साहित्य में जो शक्ति छिपी रहती है वह तोप, तलवार और बम के गोलों में भी नहीं पाई जाती। साहित्य सर्वशक्तिमान होता है, साहित्य समाज का सर्वोत्तम फल है।"

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. साहित्य किसे कहते हैं?
3. सर्वशक्तिमान कौन होता है?

**अथवा**

'आ रही हिमालय से पुकार
है उदधि ही गरजता बार-बार
प्राची पश्चिम भू - नभ अपार
सब पूछ रहे हैं दिग - दिगंत
वीरों का कैसा हो बसंत?'

1. उक्त पंक्तियां का शीर्षक लिखिए।
2. उदधि शब्द का क्या अर्थ है?
3. उक्त पंक्तियों का सारांश लिखिए।

प्रश्न – 20. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए –

'मैं जग-जीवन का भार लिए फिरता हूं,
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूं।
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर,
मैं सांसों के दो तार लिए फिरता हूं॥

**अथवा**

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने,
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने।
वाहर – भीतर, इस घर - उस घर,
कविता के पंख लगा उड़ने के माने, चिड़िया क्या जाने॥

प्रश्न – 21. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

इस दंड विधान के भीतर कोई ऐसी धारा नहीं थी, जिसके अनुसार खोटे सिक्कों की टकसाल जैसी पत्नी से पति को विरक्त किया जा सकता। सारी चुगली - चबाई की परिणति, उसके पत्नी प्रेम को बढ़ाकर ही होती थी। जेठाणिया बात-बात पर धमाधम पीटी-कूटी जाती; पर उसके पति ने उसे कभी उंगली भी नहीं छुआई। वह बड़े बाप की बड़ी वात वाली बेटी को पहचानता था।

**अथवा**

https://theboardstudy.com

पैसा पावर है। पर उसके सबूत में आसपास माल - टाल जमा न हो तो क्या वह खाक पैसा है। पैसे को देखने के लिए बैंक के हिसाब देखिए, पर माल - असबाब मकान - कोठी तो अनदेखे भी देखते हैं। पैसे की उसे परचेसिंग पावर के प्रयोग में ही पावर का रस है।

प्रश्न – 22. अपने क्षेत्र के नगर निगम अधिकारी को नियमित जल आपूर्ति करवाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

अपनी छोटी बहन को पत्र लिखकर मोबाइल फोन का सीमित प्रयोग किस प्रकार करना है, समझाकर लिखिए।

प्रश्न – 23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा बनाकर निबंध लिखिए –

1. शिक्षा के क्षेत्र में इंटरनेट का अनुप्रयोग
2. मेरा आदर्श शिक्षक
3. स्वस्थ जीवन हेतु खेलों का महत्व
4. अंतरिक्ष में भारत के कदम

https://theboardstudy.com